भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4274

जिसका उत्तर 19.03.2020 को दिया जाना है

सुरक्षा के मामले में राष्ट्रीय राजमार्गों की रैंकिंग

4274. श्री पी॰ सी॰ गद्दीगौदरः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में सुरक्षा के मानकों के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्गों की रैंकिंग करने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसका कार्यान्वयन कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) सतह दोषों के आधार पर बिटुमिनस फुटपाथ की रेटिंग, भारतीय सड़क कांग्रेस कोड आईआरसी:82-2015 में विनिर्दिष्ट की गई है। रेटिंग वैल्यू सड़क की खराब, संतोषजनक और अच्छी स्थिति के अनुरूप है। आजकल, फुटपाथ की स्थिति को प्रौद्योगिकी आधारित नेटवर्क सर्वेक्षण वाहन के माध्यम से भी मापा जाता है। इसके अतिरिक्त, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और बहुमूल्य जीवन को बचाने के लिए, इस मंत्रालय ने विभिन्न ब्लैक स्पॉटों की पहचान और सुधार, सड़क सुरक्षा ऑडिट, क्रैश बैरियर की स्थापना, ट्रैफ़िक कम करने के उपाय आदि जैसे सड़क सुरक्षा उपायों के लिए निर्देश/दिशानिर्देश जारी किए हैं।

*****